हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 36 .2 डिग्री
न्यूनतम 29 .1 डिग्री

11 गुजवि में 14 को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 35 देशों के 40 प्रतिनिधि पहुंचेंगे



12 अब बाजारों में सुबह 11 बजे होगा डोर-टू-डोर कचरा क्लेक्शन



# हांसी विसः जाट मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक, फिर भी अधिकतर चुने गए गैर जाट विधायक

## टिकट चाहने वाले हुए सक्रिय, जलपान से सियासी जमीन तैयार करने की कवायद शुरू

शमशेर सैनी ▶▶| हिसार

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए अब काफी कम समय बचा है, ऐसे में विधानसभा में पहुंचने की चाह लिए राजनीतिक दलों के नेता अभी से एक्टिव मोड़ में आए हुए हैं। हम बात कर रहे हैं जिला के हांसी विधानसभा सीट की। सत्ता पक्ष के साथ विपक्ष पार्टी के नेता जनसमर्थन जुटाने के लिए आए दिन मतदाताओं से जनसंपर्क करते देखे जा सकते हैं। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में हिसार लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की, लेकिन हांसी विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश दूसरे नंबर पर रहे थे। लोकसभा चुनाव में हांसी हलके में जयप्रकाश को 58 हजार 558 वोट मिले थे, जबकि भाजपा प्रत्याशी रणजीत सिंह को 65 हजार 228 वोट लेकर 6 हजार 670 वोटों के अंतर से विजयी रहे थे। लोकसभा चुनाव के नतीजों को देखते विधानसभा चुनाव में इस बार कांटे की टक्कर रहने की संभावना बनती दिखाई दे रही है। हांसी से वर्तमान भाजपा विधायक विनोद भयाना ने लोकसभा चुनाव के चलते लगाई गई आचार संहिता के हटते ही विकास कार्यों का नारियल फोड़ अभियान एक बार फिर से दोगुनी तेजी के साथ शुरू कर दिया है।

ऐतिहासिक रूप से हांसी किले के अवशेष, बड़सी गेट, लाल सड़क, चार कुतूब, भगवान पार्श्र्वनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र, आमटी तालाब, समाधा मंदिर, स्कीनर परिवार के मकबरे जैसी राष्ट्रीय धरोहर को समेटे हांसी हलके में जाट मतदाता सबसे ज्यादा है, लेकिन एमएलए की लॉटरी तकरीबन गैर जाट नेताओं के नाम निकलती रही है। हांसी में अब तक हुए 16 विधानसभा चुनाव में पांच बार पंजाबी, चार बार सैनी, 3 बार जाट, दो बार अग्रवाल तथा एक-एक बार बिश्नोई व एससी वर्ग के प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की है। वर्तमान में विनोद भयाना हांसी से भाजपा विधायक है। भयाना पंजाबी वर्ग से हैं और निकट भविष्य में वे हांसी सीट से भाजपा की तरफ से प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। उनके अलावा भाजपा नेता गायत्री देवी, प्रो. छत्रपाल सिंह व राजेश ठकराल भी दावेदारों में शामिल है।



विनोद भयाना।



गायत्री देवी।



सुभाष गोयल।



पंडित सुमन शर्मा।




अत्तरसिंह सैनी।



प्रेम सिंह मलिक।



राहुल मक्कड़।



नरेश यादव।



रविंद्र सैनी।



सुरेंद्र शर्मा।

### हांसी विधानसभा सीट से अब तक चुने गए विधायक

| वर्ष | विधायक | वर्ष | विधायक | वर्ष | विधायक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1952 | लाजपत राय | 1968 | हरिसिंह सैनी | 1996 | अत्तरसिंह सैनी |
| 1957 | दलबीर सिंह | 1972 | हरिसिंह सैनी | 2000 | सुभाष गोयल |
| 1962 | टेकराम मुंढाल | 1977 | बलदेव तायल | 2005 | अमीरचंद मक्कड़ |
| 1967 | हरिसिंह सैनी | 1982 | अमीरचंद मक्कड़ | 2009 | विनोद भयाना |
| | | 1987 | प्रदीप चौधरी | 2014 | रेणुका बिश्नोई |
| | | 1991 | अमीरचंद मक्कड़ | 2019 | विनोद भयाना |

### कांग्रेस में दावेदारों की लंबी फौज

हांसी हलके से कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले दावेदारों को लंबी फौज खड़ी है। दावेदारों में पिछले विधानसभा चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने वाले प्रेमसिंह मलिक, हरपाल सिंह बूरा, नगर परिषद की पूर्व प्रधान के पति पंडित सुमन शर्मा, पूर्व मंत्री अत्तरसिंह सैनी, सुभाष गोयल, नरेश यादव, राहुल मक्कड़, मनोज राठी, तेलूराम जांगड़ा, योगेंद्र योगी, प्रमुख रूप से शामिल है। सभी दावेदार जलपान कार्यक्रमों के सहारे अपनी सियासी जमीन तैयार करने में जुटे हुए हैं। इन दावेदारों में अधिकतर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा खेमे से है। यह समय बताएगा कि हुड्डा अपने खेमे के किसी नेता को टिकट दिलवा पाते हैं या फिर कांग्रेस का दूसरा धड़ा अपने समर्थक को टिकट दिलाने में कामयाब हो पाता है। फिलहाल कांग्रेस के सभी दावेदार अपनी-अपनी टिकट पक्की मानकर चुनावी तैयारी में जुटे हैं।

### आप, जजपा और बसपा भी जुटी तैयारी में

हांसी हलके में अपनी उपस्थित दर्ज कराने के लिए आम आदमी पार्टी भी सक्रिय हो चुकी है। आप से राजेंद्र सोरखी तथा यशपाल सैनी चुनावी तैयारियों में जुटे हैं। बसपा से लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी रहे सुरेंद्र शर्मा व हरिराम सैनी टिकट के प्रमुख दावेदार रहेंगे। जजपा की तरफ से इंद्र फौजी तथा रविंद्र सैनी का नाम टिकट की दौड़ में शामिल है। इनेलो से विजय जैन व यशपाल बेरवाल का नाम चर्चा में है।

### कांग्रेस प्रत्याशी की हुई थी जमानत जब्त

वर्ष 2019 के हरियाणा विधानसभा आम चुनाव में हांसी से कांग्रेस प्रत्याशी ओमप्रकाश पंघाल की जमानत जब्त हुई थी। कांग्रेस प्रत्याशी 3468 वोट लेकर पांचवें स्थान पर रहे थे। विधायक निर्वाचित हुए भाजपा प्रत्याशी विनोद भयाना ने 53191 वोट प्राप्त कर जजपा प्रत्याशी राहुल मक्कड़ को 22 हजार 260 वोटों के अंतर से हराया था। राहुल मक्कड़ को 30 हजार 931 वोट मिले थे। निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी ताल ठोकने वाले प्रेमसिंह मलिक 21 हजार 639 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे थे।

### हांसी विधानसभा 2019 के नतीजे

| प्रत्याशी व पार्टी | वोट |
|---|---|
| विनोद भयाना, भाजपा | 53191 |
| राहुल मक्कड़, जेजेपी | 30931 |
| प्रेमसिह मलिक, निर्दलीय | 21639 |
| हरिराम सैनी, एलएसपी | 6726 |
| ओमप्रकाश पंघाल, कांग्रेस | 3468 |

### लोस चुनाव 2024 में प्रत्याशियों का प्रदर्शन

| | |
|---|---|
| रणजीत सिंह, भाजपा | 65228 |
| जयप्रकाश, कांग्रेस | 58558 |
| नैना चौटाला, जेजेपी | 1673 |
| सुनैना चौटाला, इनेलो | 957 |
| देशराज, बसपा | 2442 |

### हांसी हलके में वोटों की स्थिति

| | |
|---|---|
| पुरुष मतदाता | 107362 |
| महिला मतदाता | 94966 |
| थर्ड जेंडर | 1 |
| कुल मतदाता | 202329 |

## खबर संक्षेप

### ठंडी सड़क से बाइक चोरी, केस दर्ज

**हिसार।** ठंडी सड़क से किसी अज्ञात ने मोटरसाइकिल चोरी कर लिया। इस मामले में शांति नगर निवासी सचिन ने एचटीएम पुलिस थाना को लिखित शिकायत देकर कहा है कि ठंडी सडक स्थित भ्याणा प्लास्टिक साइन के बाहर से उसका मोटरसाइकिल चोरी हो गया है। सुबह 11:30 बजे अपने कार्यालय भ्याणा प्लास्टिक साइन में गया था। लगभग डेढ़ बजे जब वह अपने घर जाने के लिए बाहर आया तो बाइक गायब था।

### जन परिवाद समिति की बैठक 7 को

**हिसार।** लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में 7 जुलाई को प्रातः 10 बजे हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। डीसी ने बताया कि बैठक में चेयरमैन दोनों पक्षों के विचारों को सुनने के उपरांत मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर सभी विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे ताकि शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जा सके।

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक काबू

**हांसी।** सीआईए ने मोटरसाईकिल चोर को मोटरसाईकिल सहित गिरफ्तार किया गया है। जिसकी पहचान मोहला निवासी सुमित के रुप में हुई है। एसआई पवन कुमार ने बताया कि सूचना पर वह गांव मोहला में घूम रहा है। आरोपी को काबू कर मोटरसाइकिल कागजात बारे पूछा तो पवन कुमार कोई संतुष्ट जवाब नहीं दे पाया। जांच में पता चला कि मोटरसाइकिल रोहतक से चोरी होनी पाई गई।

## नकाबपोश बदमाशों ने अलसुबह दिया वारदात को अंजाम

# ढंढूर में ओवरब्रिज के पास नर्सिंग अफसर व कंपनी मैनेजर को लूटा

हिमाचल की टेक्सटाइल कंपनी में काम करता है मुनीष, यमुनानगर अस्पताल में नर्सिंग आफिसर हैं अशोक

हरिभूमि हिसार ▶▶| हिसार

गांव ढंढूर ओवरब्रिज के पास मंगलवार की अलसुबह बदमाशों ने टेक्सटाइल कंपनी के मैनेजर तथा नर्सिंग ऑफिसर पर हमला कर हजारों की नकदी, मोबाइल तथा सोने की चेन छीन ली। कार में सवार होकर आए बदमाश लूटपाट की इस वारदात को अंजाम देने के बाद सिरसा की तरफ फरार हो गए। बदमाशों के हमले से घायल हुए मैनेजर तथा नर्सिंग ऑफिसर को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। उधर, मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। सदर थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने घायलों से बातचीत की और मामले की जानकारी लेकर छानबीन शुरू कर दी है।





अस्पताल में घायल मैनेजर मुनीष व नर्सिंग ऑफिसर अशोक।

अस्पताल में उपचाराधीन मुनीष निवासी आजाद नगर ने बताया कि वह हिमाचल में एक टेक्सटाइल कंपनी में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। रविवार को अवकाश के चलते गत शनिवार को वह हिसार में अपने घर आया हुआ था। मंगलवार सुबह करीब 4 बजे अपनी कार से हिमाचल जा रहा था। मुनीष के अनुसार दयानंद कॉलोनी रहने वाले अशोक कुमार ने ऑनलाइन टैक्सी बुकिंग की हुई थी। इस दौरान रास्ते में उसको बैठा लिया। अशोक यमुनानगर के नागरिक अस्पताल में नर्सिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत है और उसे कैथल उतरना था। दोनों हिसार बस स्टैंड होते हुए ढंढूर की तरफ कार में जा रहे थे।

मैनेजर मुनीष के अनुसार जैसे ही उन्होंनेसेक्टर 14 क्रॉस किया तो देखा कि एक कार उनकी कार के पीछे लग गई। पीछा कर रही कार में बैठे दो युवक लगातार उन्हें गाड़ी रोकने का इशारा कर रहे थे, लेकिन उन्होंने गाड़ी को नहीं रोका। मुनीष का कहना है कि इस दौरान डायल 112 को कॉल करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस का नंबर लगातार व्यस्त चल रहा था। ढंढूर पुल के पास पहुंचे तो, उन्होंने गाड़ी क्रॉस करते हुए उनकी कार को रुकवा लिया।

कार से दो नकाबपोश उतरे और उन पर लोहे की रॉड व डंडों से हमला कर दिया। इसके बाद बदमाशों ने मुझसे 45 हजार की नकदी, एक आईफोन तथा सोने की चेन तथा अशोक से 20 हजार की नकदी, मोबाइल फोन व घड़ी छीन ली। इसके बाद दोनों बदमाश गाड़ी लेकर मौके से सिरसा की तरफ फरार हो गए। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

### 30.12 ग्राम हेरोइन समेत एक काबू

हिसार। नशीले पदार्थों का व्यापार करने वालों पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए पुलिस की नशा निरोधक पुलिस टीम ने ऑटो मार्केट कॉलोनी, आदमपुर से एक व्यक्ति को काबू कर 30.12 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। नशा निरोधक पुलिस टीम इंचार्ज उप निरीक्षक जनक ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर ऑटो मार्केट आदमपुर से एक व्यक्ति को काबू किया। नाम पता पूछने उसने अपना नाम मंडी आदमपुर निवासी जगदीश बताया। तलाशी लेने पर जगदीश के कब्जे से एक पॉलिथीन की थैली में 30.12 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया।

### वर्क फ्रॉम होम का झांसा दे किसान से 5.49 लाख ठगे

**हांसी।** साइबर ठगों ने सोशल मीडिया पर वर्क फ्रॉम होम देने के नाम पर एक किसान को 5 लाख 49 हजार रुपये की चपत लगाए जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपितों ने वर्क फ्रॉम होम के नाम से किसान को एक लिंक भेज कर वर्क फ्रॉम होम ज्वाइन करवाया गया था। साइबर थाना मुकेश ने बताया कि वह सुल्तानपुर गांव का रहने वाला है। 18 मार्च को उसके सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर वर्क फ्रॉम होम के लिये एक लिंक आया और मुझे उसी लिंक पर वर्क फ्रॉम होम के लिए ज्वाइन करवाया। इस पर मैंने पहले थोड़े-थोड़े करके रुपये लगाए जिसका कुछ मुनाफा उन्होंने मुझे दे दिया। इसके बाद मैने कई अलग अलग ट्रांजेक्शन के द्वारा कुल 549000 रुपये आनलाइन उनके खाता में डाल दिए और उसके बाद जब मैंने मेरे रुपये वापिस मांगे तो उन्होंने मेरे पैसे देने से मना कर दिया।



### हाउसिंग बोर्ड सेक्टर-4 की समस्याओं को लेकर आरडब्ल्यूए ने सौंपा ज्ञापन

- डीसी से कहा, समाधान नहीं होने पर प्रदर्शन करने की चेतावनी, पार्षद से सीएम तक सभी को करवा चुके हैं अवगत

हरिभूमि हिसार ▶▶| हिसार

पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर 4 की आरडब्ल्यूए ने नगर निगम आयुक्त और डीसी प्रदीप दहिया से मिलकर कॉलोनी की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। आडब्ल्यूए प्रधान राज कुमार गौड़ ने बताया की कॉलोनी में पिछले दो सालों से कोई सफाई कर्मचारी नहीं आया है। कूड़ा उठाने वाले कभी आते हैं कभी नहीं आते। आते हैं तो सप्ताह भर में एक बार कूड़ा उठाते हैं जिससे कॉलोनी में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। कूड़ा उठाने वाले सभी घरों से भी कूड़ा नहीं लेकर जाते।

ज्ञापन में बताया कि कॉलोनी में सड़कों की हालत बहुत ज्यादा खराब है जिस पर पैदल चलना भी दूभर है। थोड़ी सी बरसात में ही कॉलोनी में पानी भर जाता है। पार्कों की हालत खस्ता है, दीवारें टूटी हुई हैं जिससे पार्कों में पशु घूमते रहते हैं और बच्चों के लिए झूले और ओपन जिम आदि की कोई सुविधा नहीं है। समस्याओं की भरमार है लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। आरडब्ल्यूए समिति पार्षद से लेकर मुख्यमंत्री तक गुहार लगा चुकी है परंतु समस्याओं का समाधान नहीं किया। अगर कोई ठोस समाधान नहीं किया गया तो प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

### शहर में गुंडागर्दी के खिलाफ जनौस चार को करेगी धरना प्रदर्शन, बैठक कर लिया निर्णय

**हिसार।** जनवादी नौजवान सभा के जिला सचिव मुकेश दुर्जनपुर ने बताया कि हिसार शहर में बढ़ रही गुण्डागर्दी, नशाखोरी एवं फिरौती की घटनाओं के विरोध में जन सगंठनों के आह्वान पर 4 जुलाई को परिजात चौक पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस प्रदर्शन में युवाओं की ज्यादा से ज्यादा भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार को सूबेसिंह स्मारक भवन में बैठक करके विचार विमर्श किया गया। जनवादी नौजवान सभा के जिला प्रधान जितेन्द्र बूरा व उपप्रधान प्रदीप बैनिवाल ने कहा कि पिछले कुछ समय से शहर में दिन दहाड़े चोरी, लूटमार, चैन स्नैचिंग, रेप व हत्या जैसे अपराध तेजी से बढ़े है। जिसे रीकने में पुलिस अभी तक पूरी तरह से असफल साबित हुई है।

### अज्ञात वाहन ने मारी थी बुजुर्ग को टक्कर, परिजनों को 3 दिन बाद चला पता

हांसी। सैनीपुरा गांव में सुबह घर से घुमने गए 60 वर्षीय बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां से उसे अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में उपचाराधीन घायल की तीन दिन बाद सैनीपुरा निवासी 60 वर्षीय सतबीर के रूप में हुई। पुलिस ने सतबीर के एक रिश्तेदार जींद जिले के गांव गतौली निवासी सतीश की शिकायत के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सतीश ने कहा कि उसका मौसा सैनीपुरा निवासी 60 वर्षीय सतबीर 25 जून की सुबह घर से घूमने के लिए निकला था। सुबह सैर के दौरान कोई अज्ञात वाहन सतबीर को टक्कर मार करके फरार हो गया। सतीश ने बताया उनको तीन दिन बाद पता चला कि सतबीर को कोई अज्ञात वाहन टक्कर मार कर भाग गया और वह जख्मी हालत में अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में उपचाराधीन है। सतीश ने बताया कि उन्होंने नागरिक अस्पताल पहुंच देखा तो सतबीर की हालत काफी गंभीर थी जिसके बाद हम उनको इलाज के लिए पीजीआई रोहतक ले आए। पीजीआई रोहतक से मंगलवार को उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया, लेकिन हादसे के सतबीर परिवार के किसी भी सदस्य को पहचान नहीं रहा है।

## हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन सर्वे न करने पर 50 बीएलओ से मांगा जवाब

हरिभूमि हिसार ▶▶| हिसार

- बीएलओ को दो दिन में देना होगा अपना स्पष्टीकरण।

नलवा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन सर्वे न करने पर नलवा विधानसभा के 50 बीएलओ को स्पष्टीकरण नोटिस जारी कर दो दिन के अंदर जवाब मांगा हैं। विदित है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के अनुसार 25 जून से 04 जुलाई तक बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य किया जा रहा है।

अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि नलवा विधानसभा के 50 बीएलओ द्वारा अभी तक हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन सर्वे का कार्य शुरू नहीं किया गया था। इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि बीएलओ भारतीय निर्वाचन आयोग के आदेशों के प्रति गंभीर नहीं है जोकि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 (1) के तहत एक दंडनीय अपराध है। इसलिए कार्य में लापरवाही बरतने पर नलवा विधानसभा के 50 बीएलओ को स्पष्टीकरण नोटिस जारी कर दो दिन के अंदर जवाब मांगा गया है। अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने सभी बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि 4 जुलाई तक हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन सर्वे का कार्य पूरा कर अपनी रिपोर्ट सुपरवाइजर के पास जमा करवा दें तथा अपने-अपने क्षेत्र के मृत मतदाताओं के लिए फार्म 7 भरना सुनिश्चित करें।

### शतरंज टीम के लिए खिलाड़ियों चयन 7 को

**हिसार।** राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला स्तरीय शतरंज आयु वर्ग 13 और 19 वर्ष टीम का चयन 7 जुलाई को सेक्टर 15 स्थित सिनर्जी आईएएस अकेडमी में जिला शतरंज संघ हिसार की तरफ से आयु वर्ग 13 और 19 के लिए लड़के व लड़कियों की जिला स्तरीय टीम का चयन किया जाएगा। सभी शतरंज खिलाड़ियों को लीग मैच खेलने होंगे और सबसे बेस्ट परफॉर्मेंस देने वाले बच्चों का चयन किया जाएगा।आयोजक प्रेसिडेंट सुशील गर्ग, आयोजक सचिव नीरज वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष जीआर गोयल, सचिव डॉ. शशि भूषण, अध्यक्ष अनिल मित्तल मौजूद रहेंगे और इस प्रतियोगिता के विजेता बच्चे 13 , 14 जुलाई को रोहतक में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विजेता बच्चे ऑनलाइन लिंक से अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

## व्यापारियों से चौथ मांगने व महिंद्रा शोरूम पर फायरिंग का मामला

# 5 को हिसार बंद, समर्थन करेंगी काठ, लोहा व सब्जी मंडी

हरिभूमि हिसार ▶▶| हिसार

व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक सब्जी मंडी, काठ मंडी व लोहा मंडी में हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया कि 5 जुलाई को पूरी तरह से सब्जी-फल एसोसिएशन, सब्जी मासाखोर एसोसिएशन, काठ मंडी, लोहा मंडी, पुरानी मंडी व फ्लेक्स मार्केट पूरी तरह बंद रहेगी और सभी ट्रेड यूनियन ने भी 5 जुलाई हिसार बंद में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। गर्ग ने उपस्थित व्यापारियों को संबोधित किया कि अपराधियों द्वारा फतेहाबाद, फरीदाबाद, गुरुग्राम में व्यापारियों को गोली मारकर हत्या कर दी और हरियाणा में हर रोज अपराधियों द्वारा फिरौती, लूटपाट, हत्या, अपहरण, चोरियों की वारदातें की जा रही है।



हांसी। व्यापारियों को संबोधित करते हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग।

इस अवसर पर सब्जी मंडी प्रधान सुरेश जुनेजा, संरक्षक मोहनलाल सैनी, सचिव प्रीतम सैनी, काठ मंडी के प्रधान महावीर जांगड़ा, राधेश्याम आर्य, मासाखोर एसोसिएशन के प्रधान लाखाराम, लोहा मंडी प्रधान सीताराम सिंगल, संरक्षक घनश्याम दास गर्ग, सचिव दिनेश डाबडा वाले, फ्लेक्स मार्केट से सौरभ पुरी, राधे श्याम मययड, सुभाष असरावां, मक्खनलाल सैनी, हरिसिंह सैनी, योगेश बड़वा, राज कुमार, बंटी सैनी, रमेश, प्रवीण, हंसराज, हरिकेश, सतीश सैनी, सुमित कुमार, महिपाल शर्मा, गुलशन कुमार, आदर्श कुमार, सुधीर सिंह आदि में व्यापारी प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें।

### हिसार बंद के समर्थन को लेकर व्यापारियों से मिली हिसार संघर्ष समिति

हिसार। आगामी 5 जुलाई के हिसार बंद के समर्थन के लिए हिसार संघर्ष समिति ने डाबड़ा चौक मार्केट से लेकर जिंदल चौक मार्केट तक के सभी दुकानों व व्यापारियों से बंद में शामिल होने की अपील की गई। समिति के अध्यक्ष जितेंद्र श्योराण ने बताया कि इस मौके पर एम.सी. डी.सी कालोनी के प्रधान राजू तंवर भी उनके साथ थे। समिति द्वारा डाबड़ा चौक, एम.सी.-डी.सी. कालोनी मार्केट, सैक्टर-13 मार्केट, मॉडल टाउन मार्केट, अर्बन एस्टेट मार्केट व पुष्पा कॉम्पलैक्स तथा जिन्दल चौक मार्केट की दुकान व प्रतिष्ठानों पर जाकर व्यापारियों से 5 जुलाई के हिसार बंद को पूर्ण सफल बनाने की अपील की गई।



# अजय देवगन की फिल्में दूरदर्शन पर होंगी प्रसारित

**नई दिल्ली।** दूरदर्शन देश का पहला चैनल है, जिसने हमें सिनेमा और समाचार से जोड़ा। बचपन में हम सभी दूरदर्शन पर आने वाले कार्यक्रमों का इंतजार करते थे। खासकर, शनिवार और रविवार को प्रसारित होने वाली फिल्में तो दर्शक बहुत चाव से देखते। अब वैसा ही दौर इस चैनल पर फिर आने वाला है। इस बार खास सेवाएं हैं अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए। दूरदर्शन अपने दर्शकों और अजय देवगन के प्रशंसकों के लिए एक विशेष प्रसारण करने जा रहा है। डीडी नेशनल पर हर शुक्रवार और शनिवार को अजय देवगन की सुपरहिट फिल्मों को दिखाया जाएगा।

## लाइफ Style

# देवलीना
## किरदार का प्रकार रखता है मायने

मुंबई की फिल्म नगरी ऐसी है कि यहां शोहरत पाने के बाद बड़े बड़े सितारे अपनी जमीन को भूल जाते हैं। लेकिन, छोटे परदे की सुपरस्टार देवोलीना भट्टाचार्जी अपनी जमीन, अपनी मिट्टी नहीं भूली हैं। असम में बनी हिंदी फिल्म 'कूकी' में उनके अभिनय की खूब तारीफ हो रही है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक छोटी सी मुलाकात में उनसे चार बातें हुईं और उसी दौरान चली चर्चा में वह बोलीं, 'मेरे लिए किरदार का प्रकार मायने रखता है। परदे का आकार मेरे लिए मायने नहीं रखता...!' राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफडी) की स्नातक देवोलीना के लिए अभिनय बस एक सपने जैसा ही रहा। गुरुग्राम से पढ़ाई करने वह दिल्ली में फैशन तकनीक सीख रही थीं जब उन्हें एक मशहूर जेवरात कंपनी ने अपने यहां नौकरी ऑफर कर दी। मुंबई आई तो वह इसी नौकरी के लिए ही थीं, लेकिन भरतनाट्यम की प्रशिक्षित नर्तकी देवोलीना के 'डांस इंडिया डांस 2' के लिए दिए गए ऑडिशन ने उन्हें दिला दिया धारावाहिक 'सवारे सबके सपने प्रीतो'। इसके बाद तो 'बिग बॉस' में उनकी हैट्रिक बनी। 'साथ निभाना साथिया' की गोपी बहू ने उन्हें देश के घर घर तक पहुंचाया और शोहरत का सातवां आसमान उन्होंने लगातार नापा। देवोलीना को हाल ही में बड़े परदे पर फिल्म 'कूकी' में देखा गया। असम में बनी इस हिंदी फिल्म के लिए इसकी निर्माता जुन्मोनी ने जैसी ही देवोलीना की मदद मांगी, असम के शिवसागर में ही जन्मी देवोलीना तुरंत तैयार हो गईं।




## हॉलीवुड मसाला



# फिल्म देख रोने लगते हैं लोग

**लॉस एंजिलिस।** थाईलैंड में एक फिल्म आई है। नाम है हाऊ टू मेक मिलियन बिफोर ग्रैंडमां डाएज। इस फिल्म को अब दुनियाभर में देखा जा रहा है और जहां भी ये फिल्म रिलीज हो रही है वहां की जनता इसे देख काफी इमोशनल हो जा रही है। ऐसा सामने आया है कि इस फिल्म को देखने के बाद थिएटर में लोग इतना रो रहे हैं कि उन्हें टीशू पेपर की जरूरत पड़ जा रही है। इस मूवी की बात करें तो इसमें एक बूढ़ी दादी मां के दृष्टिकोण से एक परिवार की कहानी दिखाई गई है।



# मिली ने 20 साल की उम्र में गुपचुप रचाई शादी

**लॉस एंजिलिस।** 20 साल की मिली बॉबी ब्राउन ने अपने 22 साल के बॉयफ्रेंड जेक बोनजियोवी से शादी कर ली है। दोनों ने बेहद गुपचुप तरीके से शादी की। उनकी शादी पिछले हफ्ते हुई पर किसी को भी इसकी भनक नहीं लगी। अब रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि स्ट्रेंजर्स थिंग्स की स्टार ने अपना घर बसा लिया है। उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड को अपना हमसफर बनाया है। जेक मॉडल हैं. वो मशहूर संगीतकार जॉन बोन जोवी के बेटे हैं। मिली और जेक काफी वक्त से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे और अब दोनों ने शादी कर ली है। इन दोनों स्टार की शादी में ज्यादा तामझाम नहीं किया गया। दोनों के बेहद करीबी दोस्त और परिवार वाले ही इस शादी में शामिल हुए थे।



# डिप्रेशन के दिनों को याद कर छलका दर्द

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री आलिया भट्ट की बहन शाहीन भट्ट की खासियत ये है कि उनका अपना अनुभव उनकी जिंदगी का सबसे बड़ा सबक बन चुका है। उनको हादसों ने पाला है। और, उनका हर एक चलन निराला है। वह मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में, अपने मानसिक स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म 'हियर कम्स द सन' पर लेखिका ने एक वीडियो का एक अंश साझा किया, जिसमें उन्होंने बताया कि बचपन में उन्हें लगता था कि कुछ गड़बड़ है और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं के कारण वह दूसरे आम बच्चों की तरह नहीं हैं। शाहीन ने कहा, 'डिप्रेशन तब शुरू हुआ जब मैं बहुत छोटी थी। मैं लगभग 12 साल की थी। उस समय, कोई भावनात्मक सपोर्ट नहीं थी। जब मैं बड़ी हो रही थी, तब भी डिप्रेशन के बारे में बात नहीं की जाती थी।'



# विजय ने निगेटिव रोल में पाई शोहरत

**नई दिल्ली।** लोकप्रिय वेब सीरीज 'मिर्जापुर' का तीसरा सीजन जल्द ही प्रीमियर होने वाला है। इस नए सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज को पसंद करने वाले दर्शकों की सूची काफी लंबी है, जो इसके नए सीजन को लेकर काफी उत्साहित भी नजर आ रहे हैं। हाल में ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया था, जिस पर दर्शकों ने काफी प्रतिक्रिया भी दी थी। इस सीरीज में अभिनेता विजय वर्मा जुड़वा भाइयों की दोहरी भूमिका में नजर आए हैं। इस का दूसरा सीजन एक ऐसे मोड़ पर खत्म हुआ था, जिसने दर्शकों को सोच में डाल दिया था कि छोटे भाई की मौत हुई थी या बड़े भाई की। बॉलीवुड फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले विजय वर्मा हैदराबाद के एक मारवाड़ी परिवार से ताल्लुक रखते हैं।

## टीवी मसाला



# जुलाई में शुरू होंगे नए धमाकेदार टीवी सीरियल्स

**नई दिल्ली।** जुलाई के महीने में कई टीवी शोज की शुरुआत होने वाली है। इन टीवी शोज की कहानी इतनी दमदार है कि यह 'अनुपमा' जैसे पॉपुलर टीवी शो को भी टक्कर दें सकते हैं। इस सूची में 'खूबसूरत', 'मेघा बरसेंगे', 'मिश्री', 'दिल को तुमसे प्यार हुआ' और भी कई टीवी शोज का नाम शामिल है। कलर्स टीवी पर 'डोरी' सीरियल का दूसरा सीजन जल्द शुरू होगा। नए सीजन के साथ 'डोरी 2' सीरियल नई स्टारकास्ट के साथ जल्द ही टीवी की दुनिया में दस्तक देने वाला है। खास बात तो यह है कि इस सीरियल के लिए लीड एक्ट्रेस का नाम भी तय हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आशी सिंह 'डोरी 2' का हिस्सा नहीं बन सकती हैं। अभिनेत्री निहारिका चौकसे भी 'डोरी 2' में लीड रोल अदा करती दिखाई देंगी। हो सकता है कि यह शो जुलाई में ही शुरू हो जाए। कलर्स टीवी अपने नए शो 'खूबसूरत' से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार है। शो 'खूबसूरत' साधारण लड़की के सपनों की कहानी है, जिससे हर एक मुंबईवासी खुद को जुड़ा पाता है। एक चॉल में रहने वाली नव्या शहर की गगनचुंबी इमारतों जितनी ऊंची आकांक्षाओं के साथ खड़ी है।

## नए टप्पू की सैलरी जान लगेगा झटका भव्य गांधी से डबल है एक्टर की फीस

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो में नए टप्पू नितीश भलुनी की एंट्री हो चुकी है। नितीश को भी लोगों का खूब प्यार मिल रहा है। तारक मेहता का उल्टा चश्मा कई सालों से लोगों का एंटरटेनमेंट करता आ रहा है। सबसे पहले भव्य गांधी इस रोल को निभाते थे।



तारक मेहता का उल्टा चश्मा की जब शुरुआत हुई थी तब इस किरदार को भव्य गांधी ने निभाया था। भव्य ने 2008 से लेकर 2017 तक ये रोल किया। उसके बाद उन्होंने शो छोड़ दिया क्योंकि वो फिल्मों में अपना हाथ आजमाना चाहते थे। रिपोर्ट्स की मानें तो भव्य की फीस एक एपिसोड की 10000 रुपए थी। राज अनादकत ने भव्य को 2017 में रिप्लेस किया था। जब उन्होंने भव्य को रिप्लेस किया तो टप्पू के किरदार की फीस बढ़ गई। राज को एक एपिसोड के लिए 20000 रुपए मिलते थे। भव्य से राज की सैलरी डबल थी। पांच सालों तक ये किरदार निभाने के बाद राज ने भी ये शो छोड़ने का फैसला लिया। नए टप्पू यानी नितीश भलुनी को भी 20000 रुपए पर एपिसोड के लिए मिल रहे हैं।

# प्रभास ने 'स्टेपामार' को बताया 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग'

**मुंबई।** साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'डबल इस्मार्ट' इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को भी जारी कर दिया था, जिसे दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया भी मिली थी। वहीं, हाल ही में फिल्म का गाना 'स्टेपामार' भी रिलीज कर दिया है। कल्कि 2898 एडी अभिनेता प्रभास ने इस गाने की तारीफ की है और इसे 'मेंटल एनर्जी सॉन्ग' बताया है। उन्होंने गाना शेयर करते हुए लिखा, "मेंटल एनर्जी सॉन्ग! राम और पुरी गारू की ओर से क्या एनर्जी है! इस डांस नंबर को नकाश अजीज, साहिती ने गाया है और इसे मोशिन ने लिखा है, जबकि संगीत मणि शर्मा का है। इस फिल्म का पहला भाग साल 2019 में रिलीज हुआ था। इस साइंस फिक्शन- एक्शन फिल्म को पुरी जगन्नाथ ने लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल साबित हुई थी। इस फिल्म से अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित थे और फिल्म बड़े पैमाने पर दर्शक बटोर पाने में सफल रही थी। फिल्म का निर्माण चार्मी कौर और पुरी जगन्नाथ ने पुरी कनेक्ट्स के बैनर तले किया है। फिल्म में बॉलीवुड स्टार संजय दत्त भी खलनायक की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म में बानी जे, अली, गेटअप श्रीनु, सयाजी शिंदे, मकरंद देशपांडे, टेम्पर वामसी भी अहम भूमिका में दिखेंगे।




# थ्रिलर-सस्पेंस देखना चाहते हैं, तो देखिए ये पंजाबी वेब सीरीज, जो कर देंगी आपके रोंगटे खड़े ...

**मुंबई।** हिंदी वेब सीरीज से बोर हो चुके हैं तो देखिए ये बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज, जो एक्शन, थ्रिलर और सस्पेंस से भरपूर हैं। ये पंजाबी वेब सीरीज दुनिया भर में धूम मचा रही हैं। आपके लिए कुछ बेहतरीन पंजाबी वेब सीरीज लेकर आए हैं, जिसमें रणदीप हुड्डा अभिनीत 'कैट', सुरविंदर विक्की अभिनीत 'कोहरा' जैसी तमाम वेब सीरीज शामिल हैं।

'कैट' एक थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज है, जो पंजाब के ड्रग व्यापार के अंधेरे पहलू को उजागर करती है। पूर्व मुखबिर गुरनाम सिंह का किरदार रणदीप हुड्डा ने निभाया है, जो अपने भाई को बचाने के लिए फिर से इस खेल में शामिल होना पड़ता है। पुलिस अधिकारी सेहताब सिंह का किरदार सुविंदर विक्की ने निभाया है, जो अंडरकवर काम करते है। इस पंजाबी वेब सरीजी को आप नेटफ्लिक्स पर घर बैठे देख सकते हैं।



म्यूजिकल थ्रिलर पंजाबी वेब सीरीज 'चमक' पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री के अंधेरे पक्ष को दर्शाती है। कनाडा से रैपर बनने की चाहत रखने वाला काला (परमवीर चीमा) जब पंजाब लौटता है, तो उसे पता चलता है कि उसके मशहूर गायक पिता तारा सिंह (गिप्पी ग्रेवाल) की स्टेज पर हत्या कर दी गई है। तारा अपने पिता की मौत के पीछे की सच्चाई को उजागर करते हुए न्याय की तलाश करता है।

हिंदी-पंजाबी थ्रिलर वेब सीरीज़ 'तब्बर' में दिखाया गया है कि एक परिवार किस हद तक अपना जीवन बीता सकता है। जालंधर में रहने वाले एक रिटायर्ड पुलिस अधिकारी ओमकार सिंह (पवन मल्होत्रा) की दुनिया तब उजड़ जाती है, जब उसका बेटा हैप्पी (गगन अरोड़ा) गलती से ट्रेन स्टेशन पर गलत बैग ले लेता है। यह बैग महीप सोढ़ी (कंवलजीत सिंह) का है, जो एक शक्तिशाली राजनेता का भाई है। टब्बार पारिवारिक वफादारी, धोखे और अपने प्रियजनों की रक्षा के लिए कितनी दूर तक जा सकता हैं, इसकी एक मनोरंजक कहानी है।

क्राइम थ्रिलर पर आधारित पंजाबी वेब सीरीज है 'कोहरा'। यह एक ऐसी वेब सीरीज है, जो एक हत्या के नतीजों पर आधारित है। ब्रिटिश-भारतीय दूल्हा कबीर (सौरव खुराना) ग्रामीण पंजाब में अपनी शादी से कुछ दिन पहले मुर्दा पाया जाता है। दो अलग-अलग पुलिस अधिकारियों, तेज और गंभीर सेहर (सुरविंदर विक्की) और आवेगी एसआई सुख ( बरुन सोबती ) को जांच में आगे बढ़ना होगा।

## अब इस एक्टर ने दे डाली 100 करोड़ी फिल्म, मुंज्या रही हिट

# गुजारा करने के लिए बेचना पड़ा घर, ट्रांसजेंडर बनकर सड़कों पर भी रहा

**नई दिल्ली।** 30 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा भी पार कर लिया है। वहीं, फिल्म को मिली इस जबरदस्त सक्सेस का सारा क्रेडिट इसके मजेदार कॉन्सेप्ट, लोककथाओं और हॉरर के मिश्रण के साथ-साथ बेहद पसंद किए गए लीड एक्टर अभय वर्मा को दिया गया है। लेकिन क्या आप जानते हैं अभय वर्मा को यहां तक पहुंचने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा है।

### पिता की बीमारी के बाद बेचना पड़ा घर

25 साल के अभय को 'द फैमिली मैन'से पहचान मिली। उन्होंने कई फिल्मों और शो में छोटी भूमिकाएं निभाई हैं। 'मुंज्या'में एक्टर को लीड किरदार निभाने का मौका मिला और उन्होंने कमाल कर दिया। हाल ही में एक इंटरव्यू में अभय ने अपनी मिडिल क्लास परवरिश और आर्थिक तंगी का सामना करने का खुलासा किया। अभय ने बताया कि उनके पिता एक ज्वैलरी की दुकान चलाते थे, लेकिन जब अभय छठी कक्षा में थे, तब उनके पिता को पीलिया हो गया, जिससे उनके लीवर पर असर पड़ा और फिर उन्होंने बिस्तर पकड़ लिया। एक्टर ने बताया कि उनकी मां को उनके परिवार के लिए रोटी कमाने वाली बनना पड़ा। बढ़ते खर्चों के कारण, परिवार ने गुजारा करने के लिए अपना घर बेच दिया। तीन साल बाद अभय के पिता का निधन हो गया।

*इस एक्टर को बचपन में काफी तकलीफों का सामना करना पड़ा। पिता बीमार हुए तो घर में भूखे मरने की नौबत आ गई। फिर घर तक बिक गया। काफी संघर्ष के बाद अब इस एक्टर ने 100 करोड़ी फिल्म दी है। हाल ही में रिलीज हुई हॉरर कॉमेडी 'मुंज्या'ने दर्शकों का दिल जीत लिया है। इस कम बजट में बनी और बिना स्टार पावर वाली फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से खूब सराहना मिली। इसी के साथ 'मुंज्या'ने कई हफ्तों तक बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*



### 'मुंज्या' ने दिलाया स्टारडम

अभय के करियर की शुरुआत मनोज बाजपेयी-स्टारर द फैमिली मैन के दूसरे सीज़न में कल्याण के सपोर्टिंग रोल निभाने से हुई थी। भले ही वह स्क्रीन पर सिर्फ 3-4 सीन के लिए ही नजर आए लेकिन उनके अभिनय की तारीफ हुई। अब मुंज्या ने उन्हें स्टारडम दिला दिया है। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शरवरी और मोना सिंह भी हैं। इस फिल्म ने दुनिया भर में 123 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है और सिनेमाघरों में अभी भी अच्छा प्रदर्शन कर रही है।

### रोल के लिए छिपकर सड़कों पर ट्रांसजेंडर बनकर रहे

19 साल की उम्र में एक्टर बनने का सपना लिए अभय मुंबई आ गए। उनके बड़े भाई अभिषेक भी टीवी शो में काम कर चुके थे। थोड़े संघर्ष के बाद अभय को रोल मिलने लगे। साल 2022 में, उन्होंने फिल्म सफेद में एक ट्रांसजेंडर की भूमिका निभाने के लिए साइन किया। इस रोल की तैयारी के लिए, अभय वाराणसी चले गए और एक ट्रांसजेंडर के रूप में कई हफ्तों तक वहां रहे। एक बार रात में लड़कों के एक समूह ने उन पर हमला करना चाहा था। बचने के लिए उन्हें अपनी असली पहचान बतानी पड़ी थी। बता दें कि संदीप सिंह द्वारा निर्देशित, सफ़ेद की पिछले साल ज़ी5 पर स्ट्रीमिंग हुई थी।

## खबर संक्षेप

### डॉक्टर बिदानी को किया सम्मानित

**हिसार।** अखिल भारतीय सेवा संघ ने डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में चिकित्सक डॉ. योगेश बिदानी को लम्बे समय से समाज को दी जाने वाली सेवाओं के लिए सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में संघ के शाखा प्रधान सुमित मित्तल, विनोद धवन, संदीप भाटिया, संजीव राजपाल एवं विनोद वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### सरकार ने कच्चे कर्मियों के साथ किया मजाक

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ राज्य प्रधान धर्मबीर फोगाट, महासचिव नरेश कुमार, जिला प्रधान सुरेन्द्र यादव, सचिव राजेश बागड़ी, वरिष्ठ उपप्रधान नरेश गौतम व सहसचिव अशोक सैनी ने बताया कि कच्चे कर्मचारियों के वेतन में 8 प्रतिशत बढ़ोतरी नाकाफी है। अन्य विभागों में कार्यरत एजुसेट कर्मचारियों, लेक्चरर व चौकीदारों सहित कच्चे कर्मचारियों के वेतन में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई।

### वर्षों बाद भी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिली

**हिसार।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने कहा कि आजादी के वर्षों बाद भी जनता को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई है। इसके अलावा जनता को हर बार उन्हीं समस्याओं से जूझना पड़ता है, जिनका समाधान भी संभव है लेकिन सरकार एवं अधिकारियों की इच्छाशक्ति न होने की वजह से जनता समस्याओं से दो-चार हो रही है।

### जनकल्याणी नीतियों की दी जानकारी

**हांसी।** विशेष प्रचार-प्रसार अभियान के तहत लोक संपर्क विभाग के कलाकारों की टीम मंगलवार को गांव ढाणी ठाकरिया व ढाणी राजू के ग्रामीणों को अपनी प्रस्तुति के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओ, नीतियों और उपलब्धियों बारे ग्रामीणों को अवगत करवाया। भावान्तर भरपाई योजना, जल जीवन मिशन की जानकारी दी।

### एक पौधा मां के नाम अवश्य लगाएं : आर्य

**हिसार।** नेहरू युवा केंद्र हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान के सहयोग से गांव में आदर्श आंगनवाडी केन्द्र में पौधरोपण कार्यक्रम किया गया। प्रधान कपूर सिंह आर्य ने बताया कि 605 पौधरोपण किया गया। आंगनवाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय, पटवार भवन, स्कूल, शमशान घाट सहित सार्वजनिक जगहों पर पौधे लगाएं।

### स्कूल सुरक्षा व डिजास्टर मैनेजमेंट दिया प्रशिक्षण

**हिसार।** एनडीआरएफ की टीम मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मुकलान में पहुंची। सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह ने विद्यालय में पहुंच कर स्कूल के 190 विद्यार्थियों व सभी स्टाफ सदस्यों को विस्तार से आपातकाल में कैसे स्वयं को व अन्य व्यक्तियों को रेस्क्यू किया जाए। भूकंप आने पर डक करना अथवा अपने सिर को बचाना। आग लगने पर फायर शमन यंत्र का कैसे प्रयोग करें, दुर्घटना होने पर रक्त को बहने से कैसे रोके, सीपीआर किस प्रकार से जरूरतमंद व्यक्ति को दी जाए।

---

### 5 पदम भूषण, 6 पदम श्री व 4 शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार विजेता आएंगे

# गुजवि में 14 को अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 35 देशों के 40 प्रतिनिधि होंगे शामिल

**कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने जारी किया सम्मेलन का आधिकारिक पोस्टर, अब सम्मेलन में आने के लिए मिल चुकी है 40 से अधिक विदेशी मेहमानों की सहमति**



हिसार। गुजविप्रौवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

एसोसिएशन ऑफ माइक्रो बायोलोजिस्ट इंडिया की 65वीं वार्षिक बैठक व अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हिसार में होगा। 'मानव कल्याण के लिए सूक्ष्मजीवों के परिप्रेक्ष्य' विषय पर 14 नवंबर से 17 नवंबर को होने वाले 65वें एएमआई वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी एएमआई व गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से की जाएगी। सम्मेलन के मुख्य संरक्षक एवं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने मंगलवार को सम्मेलन का आधिकारिक पोस्टर जारी किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि 35 देशों के 40 से अधिक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय वक्ताओं ने सम्मेलन में भाग लेने के लिए अपनी भागीदारी की सहमति प्रदान की है। सम्मेलन में पांच पदम भूषण, छह पदम श्री व चार शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार विजेता शामिल होंगे। इस सम्मेलन में प्रतिभागियों को विषय से संबंधित अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों से रूबरू होने का मौका मिलेगा तथा माइक्रोबायोलॉजी से जुड़े सभी बिंदुओं पर गहन चर्चा होगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर इस सम्मेलन के संरक्षक होंगे। सम्मेलन की अध्यक्षता आईआईएसईआर कोलकाता के निदेशक एवं एएमआई के अध्यक्ष प्रो. एस.के. खारे तथा केन्द्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, महेन्द्रगढ़ के पूर्व कुलपति एवं एएमसीज के अध्यक्ष प्रो. आर.सी. कुहाड करेंगे। बायोटेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार व सीसीएस हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एवं एएमआई हिसार इकाई के अध्यक्ष प्रो. राजेश गेरा सम्मेलन के संयोजक होंगे। गुजविप्रौवि हिसार की डीन इंटरनेशनल अफेयर्स एवं एएमआई की महासचिव प्रो. नमिता सिंह सम्मेलन की संयोजक सचिव होंगी।

#### सम्मेलन में होंगी पैनल चर्चाएं

संयोजक, बायोटेक्नोलॉजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. अनिल कुमार व एएमआई हिसार इकाई के अध्यक्ष प्रो. राजेश गेरा ने बताया कि सम्मेलन में पूर्ण सत्र, पैनल चर्चाएं और माइक्रोबियल जैव प्रौद्योगिकी, पर्यावरण सूक्ष्म जीव विज्ञान, चिकित्सा सूक्ष्म जीव विज्ञान और सूक्ष्मजीव विविधता जैसे विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को कवर करते हुए पोस्टर प्रस्तुतियां शामिल होंगी।

#### दुनियाभर से 2000 से अधिक प्रतिभागियों के आने की उम्मीद

सम्मेलन की संयोजक सचिव प्रो. नमिता सिंह ने बताया कि एएमआई में राष्ट्रीय व अंतररष्ट्रीय शिक्षा, अनुसंधान संस्थानों तथा कॉपोर्रेट क्षेत्रों से 6000 से अधिक आजीवन सदस्य शामिल हैं। आयोजन समिति को माइक्रोबायोलॉजी पेशेवरों के बीच सहयोग और ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए दुनियाभर से 2000 से अधिक प्रतिभागियों के एकत्र होने की उम्मीद है। सम्मेलन में भाग लेने के लिए देश व विदेशों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी 30 अगस्त तक पंजीकरण करवा सकते हैं।

---



हिसार। उपमंडल अभियंता कार्यालय पर धरना के दौरान प्रदर्शन करते कर्मचारी।

# मांगों का समाधान नहीं तो आंदोलन होगा तेज

- मांगों को लेकर उपमंडल अभियंता कार्यालय पर तीसरे दिन भी दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कर्मचारी महासंघ से संबंधित ऑल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की ग्रामीण ब्रांच ने कर्मचारियों की मांगों का समाधान नहीं किए जाने के विरोध में मंगलवार को जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल नंबर 4 के उपमंडल अभियंता कार्यालय पर तीसरे दिन भी धरना जारी रखते हुए प्रदर्शन किया।

धरना की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान सुशील कुमार खुंडिया ने की तथा संचालन ब्रांच कैशियर राकेश झाझड़िया ने किया। धरना में काफी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया। धरना को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान सुशील कुमार खुंडिया व अन्य वक्ताओं ने बताया कि उपमंडल अभियंता को कर्मचारियों के सब्र का इम्तिहान नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्मचारी मांगों का समाधान करवाने के लिए आर पार की लड़ाई लड़ने का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही मांगों का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को तेज कर दिया जाएगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी उपमंडल अभियंता की होगी। ब्रांच प्रधान ने बताया कि गत दिवस भी कार्यकारी अभियंता की मध्यस्थता से यूनियन प्रतिनिधिमंडल की उपमंडल अभियंता के साथ बैठक हई, लेकिन बैठक में उपमंडल अभियंता ने मांगों को पूरा करने की बजाय यूनियन पदाधिकारियों को दबाने का प्रयास किया और मांगों का समाधान करने से साफ इंकार कर दिया। धरना को यूनियन के जिला चेयरमैन जगदीश चंद्र, जिला प्रधान सतबीर सुरलिया, जिला सचिव राजेश नलवा, ब्रांच सचिव प्रदीप कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान राजेंद्र सिंह खारड़िया, शहरी ब्रांच प्रधान सुरेश डाबला, रिसाल सिंह जांगड़ा, रमेश, कुलदीप, प्यारेलाल, राजपाल, राजेश, चानन, आजाद, प्रेम, रोहताश, विक्रम, ओमप्रकाश, सतीश शर्मा व सचिन शर्मा आदि ने भी संबोधित किया।

---

# बढ़ते अपराध व नशे के खिलाफ दिया धरना

- अपराध और नशा मुक्ति आंदोलन को बनाएंगे जन आंदोलन : अनिल शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार




हिसार। नागरिक मंच के धरने को संबोधित करते मंच के संयोजक अनिल शर्मा। फोटो: हरिभूमि

नागरिक मंच हिसार के तत्वावधान में मंगलवार को पारिजात चौक पर संयुक्त किसान मोर्चा के शमशेर सिंह नंबरदार, इंटक के कृष्ण नैन और सीटू के कामरेड सुरेश कुमार की अध्यक्षता में सैकड़ों लोग धरने पर बैठे। धरने में मंच का संचालन संयुक्त किसान मंच के नेता दिलबाग सिंह हुड्डा और सीटू के नेता मनोज सोनी ने किया। धरने पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मंच के संयोजक अनिल शर्मा ने प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार ने बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार तो जनता की पहुंच से बाहर कर इनका निजीकरण कर दिया है, अब केवल एक जनता की सुरक्षा ही सरकार के हाथ बची है। प्रदेश में तेजी से बढ़ रही आपराधिक घटनाएं यह संकेत दे रही है कि सरकार जनता की सुरक्षा से भी अपने हाथ खींच रही है। उन्होंने कहा कि अपराध व नशा मुक्ति के खिलाफ शुरू किए इस आंदोलन को आम जनता के सहयोग से जन आंदोलन का रूप दिया जाएगा। मंच के संयोजक अनिल शर्मा ने बताया कि बुधवार को धरने पर सर्व कर्मचारी संघ और हरियाणा कर्मचारी महासंघ से जुड़े कर्मचारी बैठेंगे। धरने को सीटू नेता सुरेश कुमार, इंटक नेता कृष्ण नैन, डॉ. रमेश पूनिया, होशियार खान, सुरेश शास्त्री नगर, लीलू राम जांगड़ा, मांगे राम गोदारा, राम चंद्र जांगड़ा सरपंच, सतबीर सिंह धायल, कपूर सिंह बगला, देसराज सीटू, कृष्णा देवी जांगड़ा, महेंद्र बैंदा, सूबे सिंह बूरा, रामबीर ढांडा, रणधीर सिंह मौजूद रहे।

---

# किसान कभी भी पीछे नहीं हटेंगे

- लघु सचिवालय के बाहर धरना 188वें दिन में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। लघु सचिवालय के सामने धरने पर बैठक संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी व सदस्य। फोटो: हरिभूमि

संयुक्त किसान मोर्चा का लघु सचिवालय के सामने धरना 188 वें दिन भी जारी रहा। धरने पर भारतीय किसान यूनियन घासीराम नैन ने संभाला मोर्चा और बुधवार को बीकेयू एकता उग्रांहा की ड्यूटी रहेगी। धरने की अध्यक्षता वरिष्ठ किसान नेता सूरजभान डाया ने की और संचालन जसबीर सूरा व संजय घणघस ने किया। किसान नेताओं ने कहा कि जब तक हमारी सभी मांगों का समाधान नहीं हो जाता यह धरना रह रोज और मजबूत होता रहेगा। संयुक्त किसान मोर्चा हिसार बड़ा आंदोलन करने का ऐलान करेगा। पूंजीपतियों के करोड़ रुपये माफ कर देते है और किसान मजदूरों की खराब फसलों का मुआवजा देने में इनको परेशानी हो रही है। धरने पर मुकेश घणघस, शमशेरसिंह नंबरदार, रामचंद्र, भगतसिंह, शमशेर भेरिया, बलराज, सुरेंद्र मान, सतबीर धायल, सतपाल गैबीनगर, राजेश बिजारणियां, सतीश बैनीवाल असरावां, इंद्रसिंह, मदन बैनीवाल, प्रदीप बैनीवाल डोभी, दयानंद पानू, महेंद्र काबरेल, सतपाल लाडवा मौजूद रहे।

---

# रावत खेड़ा- खेजड़ली में बनेंगे स्कारक

- माता अमृता देवी स्मारक के लिए जगह चिह्नित, प्रत्येक गांव में 363 पौधे लगाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। शहीद माता अमृता देवी स्माकर की आधाशिला रखते क्षेत्रवासी।

गांव रावतखेड़ा में ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों के द्वारा पौधरोपण अभियान चलाया गया। गांव रावतखेड़ा से पायल रोड़ के साथ लगती पंचायती जमीन पर खेजड़ली शहीद माता अमृता देवी की प्रतिमा अनावरण के लिए स्थान चिन्हित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साह से भाग लिया व संजीव गंगवा शामिल हुए। राजस्थान के जोधपुर में वृक्षों की रक्षा के लिए शहीद माता अमृता देवी के नेतृत्व में 363 लोग शहीद हुए थे, गांव रावतखेड़ा में एक स्मारक व पार्क का निर्माण किया जाएगा। खेजड़ली शहीदों की याद में मिशन 363 के तहत प्रत्येक गांव में 363 पोधे लगाकर वृक्ष तैयार किए जाएंगे। गंगवा ने बताया कि बिशनोई समाज हमेशा जीव रक्षा ओर पर्यावरण प्रेमी रहा है। विश्व में वृक्षों के लिए शहीद होने वाला कोई दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। सरपंच प्रतिनिधि श्रीराम सिगड़, चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेन्द्र मंडा, चेयरमैन अजय गावड़, सरपंच सियाराम रावतखेडा इत्यादि शामिल हुए।

---

# एलीट एकेडमी के तैराकों ने मचाई धूम

- जिला स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप में किया रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार



हिसार। शानदार प्रदर्शन करने वाले तैराकों को सम्मानित करते अतिथिगण। फोटो: हरिभूमि

एलीट स्विम एकेडमी ने हाल ही में आयोजित हुई जिला स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से हिसार तैराकी में उत्कृष्टता का एक नया मानक स्थापित किया है। अकादमी ने खेल के प्रति अपनी उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कुल 42 स्वर्ण पदक, 32 रजत और 22 कांस्य पदक जीते। ज़िला तैराकी संघ के प्रधान मास्टर जिले सिंह व सचिव रवींद्र सिहाग ने बताया कि कोच विशाल और विकास के मार्गदर्शन के नेतृत्व में तैराकों ने पूल में असाधारण प्रदर्शन किया और अपने-2 आयु समूहों में सर्वश्रेष्ठ तैराक के रूप में 5 अलग-अलग श्रेणियों में लक्ष्य, इनायत मोर, यशस्वी, अनुश्री, अभीष, आरोही, अर्जुन, दक्षवीर, व लीशा ने 5-5 स्वर्ण पदक जीत कर हिसार के सर्वश्रेष्ठ तैराक चुने गए। एलीट स्विम अकादमी ने अपना प्रभुत्व साबित किया।

प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण तब आया जब एलीट स्विम अकादमी ने प्रतिष्ठित ऑल-ओवर टीम ट्रॉफी हासिल की और वही हिसार के सबसे तेज तैराक का खिताब भी एलिट स्विम एकेडमी के दक्ष सहरावत ने 50 मीटर फ्री स्टाइल रेस मे स्वर्ण पदक जीत के हासिल किया। इस अवसर पर विशाल, सुमित, मनदीप, राहुल, सोनू व तैराकी कोच विकास आदि मौजूद रहे।

---



# विहिप और बजरंग दल ने राहुल गांधी का फूंका पूतला

**बरवाला।** विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा पुराने बस अड्डे पर सड़क के बीचों बीच राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। यह पुतला विश्व हिंदू परिषद नगर अध्यक्ष राजन चावला के नेतृत्व में फूंका गया। इस दौरान विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की गई। नगर अध्यक्ष राजन चावला ने अपने संबोधन में कहा कि राहुल गांधी ने हिंदुओं को हिंसक बोला है और राहुल गांधी ने हिंदुओं पर हिंसा फैलाने का भी आरोप लगाया है। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता विक्रम सैनी, जतिन मेहता, विपिन गर्ग, प्रवीण सैनी, डॉ देशराज वर्मा, अनूप चौहान, आशीष रहेजा, गौरव सरदाना व सचिन बरवाला आदि मौजूद रहे।

---

### शहर के हर चौक का होगा कचहरी चौक की तर्ज पर सौंदर्यकरण : विधायक

# 3.50 करोड़ की 5 विकास योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी



हांसी। गांव में विकास परियोजनाओं का नारियल तोड़ कर शुभारम्भ करते विधायक विनोद भयाना। फोटो: हरिभूमि

हांसी विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में तेजी से समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं ताकि हल्के के हर व्यक्ति को अधिकाधिक सुविधाएं उपलब्ध हो। यह बात विधायक विनोद भ्याणा ने मंगलवार को हांसी हलके के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये लागत की 5 विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास के उपरांत लोगों को संबोधित करते हुए कही। चौकों का सौंदर्यकरण हो रहा है तो कहीं पार्क व तोरण द्वार निर्माणधीन है। लोगों की सुविधा के लिए कई पार्कों का निर्माण कार्य पूरा भी हो चुका है। क्षेत्र के विकास में कोई कसर बाकी नहीं रखी जा रही है। लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। कई विकास परियोजनाओं पर जल्द काम शुरू करवाया जाएगा। अधिकारियों से भी कहा कि जो कार्य निमार्णाधीन है उन्हें तेजी से पूरा करवाये और इसके साथ-साथ नए विकास कार्यों को भी शीघ्र प्रारंभ करवाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर नगर परिषद के कार्यकारी अभियंता जयवीर डूडी, एसडीओ जयवीर सिंह, पार्षद मुकेश टुटेजा, भाजपा नेता अशोक ढालिया, पवन भुटानी, अशोक ठकराल, सुभाष जुलाहा मौजूद रहे।

#### इन योजनाओं का शुभारंभ

विधायक विनोद भयाना ने मंगलवार हांसी-जींद रोड से गगन खेड़ी गांव को जोड़ने वाली सड़क की स्पेशल रिपेयर, जमावडी से गगन खेड़ी गांव तक की सड़क की स्पेशल रिपेयर, जमावड़ी गांव की जनरल चौपाल, गांव में सतबीर फौजी वाली गली, जीतपुरा गांव में मुख्यमंत्री खेत खलिहान योजना के तहत 3280 फीट लंबे तथा 12 फीट चौड़े कच्चे रास्ते को पक्का करने के निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया।

#### कचहरी चौक का उद्घाटन

लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह के सामने बने कचहरी चौक का सोमवार देर रात विधायक विनोद भ्याणा ने विधिवत रूप से उद्घाटन किया। नवनिर्मित चौक के चारों ओर स्टील की ग्रिल, पानी का फव्वारा, फ्लड लाइट तथा ऊपर दो घोड़ों के स्टैचू रखे गए हैं। नवनिर्मित चौक का उद्घाटन करने के बाद विधायक विनोद भयाना ने बताया कि हांसी शहर के प्रत्येक चौक का इसी तर्ज पर सौंदर्यकरण करवाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### उकलाना में श्री श्याम कथा का शुभारंभ

**उकलाना।** हरिद्वार से आई मां साध्वी आनंद ज्योति परमहंस के मुखारविंद से श्री श्याम कथा का शुभारंभ किया। कथा में आनंद ज्योति परमहंस ने श्याम महिमा का वर्णन किया। कौरव पांडवों की कथा का वर्णन किया। कथा में मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र सोनी ने परिवार सहित पहुंचकर मां साध्वी आनंद ज्योति से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर विजेंद्र गर्ग, शुगन गोयल, बॉबी बंसल, बसाऊ राम, राजकुमार गर्ग, रमेश शर्मा, संजय शर्मा, सज्जन मित्तल, आशा गर्ग, बिमला गर्ग, सुनीता गर्ग, राधा, विधा सोनी, सरोज गर्ग आदि मौजूद रहे।

### अफीम सप्लायर को किया जांच में शामिल

**हांसी।** जिला भर में अपराधों पर लगाम लगाते हुए थाना शहर हांसी पुलिस ने अफीम सप्लायर को अभियोग में शामिल जांच किया गया है। अनाज मंडी चौकी इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक कुलबीर ने बताया कि जांच में शामिल किए गए आरोपी ने गत दिनों संजय उर्फ छोटिया को 250 ग्राम अफीम सप्लाई किया थी। आरोपी ने उच्च न्यायालय चण्डीगढ़ के आदेशानुसार अभियोग में शामिल जांच किया गया।

### ओबीसी वर्ग मुख्यमंत्री का जताएगा आभार

**हिसार।** भाजपा ओबीसी मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री कर्णदेव कंबोज के नेतृत्व में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ में सीएम आवास पर मिला व आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने पूरी की गई मांगों को लेकर जल्द से जल्द नोटिफिकेशन जारी करने की मांग की। मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रतन सैनी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आश्वासन दिया कि पूरी की गई मांगों को लेकर नोटिफिकेशन जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रतन सैनी ने कहा कि समाज की मांगों को पूरा करने के लिए मोर्चा द्वारा जिला स्तर पर रैली का आयोजन कर मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया जाएगा।

### सोसायटी ने डॉ. मित्तल को किया सम्मानित

**हिसार।** चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सेवाओं के लिए दंत चिकित्सक डॉ. सचिन मित्तल व उनकी टीम को नारायणी वेलफेयर सोसायटी ने सम्मानित किया। डॉक्टर्स डे पर आयोजित कार्यक्रम में प्रेसिडेंट गुंजन गोयल, मिताली गोयल, श्रेया गोयल, पूनम सैनी, रचना अधलखा, रितु गोयल, रितु सिंगल, शैलजा बंगा, मोनिका वर्मा, शालू, उषा शर्मा व डॉ. अर्चना शर्मा डॉ. सोनम कुंडू आदि मौजूद रहे।

### रोटरी ने चिकित्सकों को किया सम्मानित

**हिसार।** रोटरी सैंट्रल क्लब हिसार के पदाधिकारियों ने सीएमसी अस्पताल में जाकर डॉ. रंजु पोपली, डॉ. साहिल पोपली व सर्वोदय अस्पताल में डॉ. उमेश कालड़ा, डॉ. सरिता कालड़ा तथा डॉ. अविराज को चिकित्सा के क्षेत्र एवं समाज में उनकी बेहतरीन सेवा के लिए सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में क्लब की तरफ से प्रधान नितिन ग्रोवर, नवीन साहनी, सुनील मलिक, नवीन खुराना, कुलदीप खेड़ा, संजीव खुराना, संजय ठकराल, विकास ठकराल उपस्थित रहे। ग्रोवर ने चिकित्सकों की प्रशंसा की।

# अब बाजारों में सुबह 11 बजे होगा डोर-टू-डोर कचरा क्लेक्शन
# निगमायुक्त ने सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के दिए आदेश

निगमायुक्त ने अधिकारियों व निवर्तमान पार्षदों और मेयर डिप्टी मेयर के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

डोर-टू-डोर कचरा क्लेक्शन व सफाई व्यवस्था के विषय पर मंगलवार को नगर निगम के मुख्य सभागार में निगमायुक्त प्रदीप दहिया की अध्यक्षता में निवर्तमान पार्षदों व अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। निगमायुक्त ने बैठक मौजूद निवर्तमान पार्षदों से उनके वार्ड मौजूदा स्थिति व समस्याओं के बारे विस्तृत जानकारी ली व उनके समाधान के लिए अधिकारियों को आदेश दिए।अधिकारियों को आदेश दिए कि सफाई व्यवस्था को ओर बेतहर बनाने के लिए कार्य करें। अधिकारी समय-समय पर कर्मचारियों से फीडबैक लें। कही कोई समस्या आने पर तुंरत उसका समाधान करवाएं। सभी निवर्तमान पार्षदों ने कर्मशियल एरिया में डोर-टू-डोर कचरा क्लेक्शन को लेकर कहा कि मार्केट के खुलने से पहले डोर-टू-डोर की गाड़ियां आकर चली जाती हैं।

## डोर टू डोर कूड़ा उठाने वाली गाड़ियों में नहीं होते हेल्पर, नीचे उतरकर नहीं उठाते कूड़ा

### कचरा क्लेक्शन करने वाली गाड़ी में हर हाल में होना चाहिए हैल्पर

निवर्तमान पार्षदों ने कहा कि अक्सर देखा जाता हैं कि डोर-टू-डोर कचरा क्लेक्शन की गाड़ियों में हैल्पर नहीं होते हैं। अगर होते हैं तो कचरा उठाकर गाड़ी में डालने का कार्य नहीं करते वे गाड़ी में बैठे रहते हैं। जिसको लेकर निगमायुक्त प्रदीप ने कहा कि सभी वार्ड में डोर-टू-डोर की गाड़ियां जानी चाहिए साथ में हैल्पर भी होना चाहिए जोकि आमजन की कचरा डालने में उनकी मदद करें और कचरे का सेनीग्रेशन भी करें। अधिकारियों को आदेश दिए कि गाड़ी न पहुंचने व हैल्पर न होने की शिकायत पर संबंधित एजेंसी पर फाइन लगाया जाएं और इसके बावजूद भी इसका समाधान नहीं होता तो एजेंसी को ब्लैकलिस्ट भी किया जा सकता हैं।

### यह रहे उपस्थित

बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त प्रदीप हुड्डा, संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह, एक्सईन संदीप सिहाग, संदीप धुंधवाल, एमई सुमित, जेई रामदिया शर्मा, सीएसआई राजकुमार, जेई राकेश, एएसआई रोहित, एएसआई संदीप, सीटीएल प्रदीप, एएसआई सुरेंद्र हुड्डा, एएसआई जसबीर कुंडू, डिप्टी मेयर अनिल सैनी व पार्षद अनिल जैन, भूप सिंह रोहिल्ला, बाला देवी, सतीश सुरलिया, प्रीतम सैनी, अमित ग्रोवर, पिंकी शर्मा, महेन्द्र जुनेजा इत्यादि उपस्थित रहे।



हिसार। बैठक को संबोधित करते निगमायुक्त प्रदीप दहिया।

### एचएसवीपी के सेक्टरों की भी निगम करेगा सफाई

बैठक को संबोधित करते हुए निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के अलावा एचएसवीपी के सेक्टरों का डोर-टू-डोर कचरा क्लेक्शन करेगा जिसमें सेक्टर 1-4, सेक्टर 3, सेक्टर 4 पार्ट-2, सेक्टर 5 पार्ट-2, सेक्टर 33पी पार्ट 1, सेक्टर 14 पार्ट-2 आदि शामिल है।

### अब तक 15 गाड़ियों का फाइन एजेंसी पर लगाया

सीएसआई राजकुमार ने बताया कि डोर-टू-डोर कचरा क्लेक्शन की गाड़ियों न पहुंचने व हैल्पर न होने की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए लगभग 15 गाड़ियों का फाइन एंजेसी को किया गया हैं। निगमायुक्त ने आदेश दिया कि सभी एएसआई अपने-अपने एरिये के निवर्तमान पार्षदों से डोर-टू-डोर कचरा क्लेक्शन की गाड़ियों व हैल्पर के बारे फीडबैक लेंगे। उनको आने वाली समस्याओं का समाधान करवाएंगे।

### कुछ स्थानों पर नियमित नहीं पहुंच रही गाड़ियां

बैठक के दौरान पार्षदों के द्वारा डोर-टू-डोर कचरा क्लेक्शन के बारे में बताया कि गाड़ी आ रही हैं परंतु कुछ स्थानों पर गाड़ियां नियमित रूप से नहीं आ रही हैं। इसके अलावा निवर्तमान पार्षदों ने कहा कि कुछ स्थानों पर गाड़ियां रूकती हैं और कुछ स्थानों पर तेज गति से ले जाने की शिकायतें उन्हें आमजन के द्वारा समय-समय पर मिलती रहती हैं, जिनको की समय-समय पर निवर्तमान पार्षदों के द्वारा संबंधित एएसआई, सीएसआई को अवगत करवाया जाता हैं।

## गढ़ी मेंहदा के पात्र नागरिकों को महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत दिए जा सकेंगे प्लॉट

# बोबुआ के धर्मवीर की गलत नक्शे की 6 साल से थी समस्या, 60 मिनट में समाधान

परिवार पहचान पत्र से जुड़ी समस्याओं को 24 घंटे में हो रहा समाधान सीवर, बिजली, पानी की समस्याओं की भरमार

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर समस्याओं के समाधान में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। समाधान शिविर में विभिन्न विभागीय सेवाओं से जुड़ी शिकायतों का एक ओर जहां मौके पर ही निवारण किया जा रहा है वहीं परिवार पहचान पत्र से जुड़ी त्रुटियों को शपथ-पत्र लेकर 24 घंटे में दुरुस्त कर आमजन को राहत प्रदान की जा रही है। समाधान शिविर में गांव बोबुआ निवासी धर्मवीर ने अपनी शिकायत में कहा कि 6 साल पहले उसकी जमीन का नक्शा तहसील के कर्मचारियों की वजह से गलत बन गया था। वो पिछले कई सालों से सरकारी विभागों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उनकी समस्या का आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। इस पर उपायुक्त प्रदीप दहिया ने जिला राजस्व कार्यालय के संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि समाधान शिविर खत्म होने से पहले शिकायतकर्ता की समस्या का समाधान करना सुनिश्चित किया जाए। शिकायतकर्ता ने समस्या का समाधान 60 मिनट में करने पर राज्य सरकार एवं प्रशासन का आभार जताया।



हिसार। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनते उपायुक्त प्रदीप दहिया।

### घरों के सामने से ट्रांसफार्मर हटाने की मांग

संत नगर निवासी राजेंद्र कुमार की मकान रजिस्ट्री न होने की शिकायत पर उपायुक्त ने एसडीएम कार्यालय को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जवाहर नगर निवासी सुरेश कुमार की सीवर लाइन खुलवाने की शिकायत पर उपायुक्त ने जन-स्वास्थ्य विभाग के अभियंता को नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गांव सातरोड कलां निवासी रामेश्वर ने शिकायत दी कि उनके घरों के सामने लगे बिजली ट्रांसफार्मरों को हटवाया जाए। इस पर उपायुक्त ने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अभियंता को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर हिसार पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन, हांसी पुलिस अधीक्षक मकसूद अहमद, अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, एसडीएम जयवीर यादव, एएमसी प्रदीप हुड्डा, डीएमसी वीरेंद्र सहारण, एडीआईओ ज्योति सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सीवरेज की सफाई करने के निर्देश

भूमि आश्रम हिसार की तरफ से सीवरेज सफाई की शिकायत पर उपायुक्त ने जन-स्वास्थ्य विभाग के अभियंता को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। गांव मुकलान निवासी सुनील कुमार ने उनकी बस्ती में अवैध पानी के कनेक्शन की शिकायत पर उपायुक्त ने जन-स्वास्थ्य विभाग के अभियंता को जांच कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना न मिलने की शिकायतों पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के एसडीओ को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### शिविर में इन समस्याओं का हुआ समाधान

उपायुक्त ने गांव मुकलान के ग्रामीणों की पानी न पहुंचने की शिकायत पर जन-स्वास्थ्य विभाग के अभियंता को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश। समाधान शिविर में गढी मेंहदा के ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में कहा कि गांव में खाली जमीन होने के बावजूद उनको प्लॉट अलॉट नहीं किए जा रह हैं। उपायुक्त ने जिला विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पात्र व्यक्तियों को महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत प्लॉट दिए जाएं। अगर किसी प्रकार की तकनीकी समस्या आड़े आती है तो उपायुक्त कार्यालय में संपर्क स्थापित किया जाए।

## योजनाओं का लाभ देने में देरी न करें बैंक

- बैंक अधिकारी को नागरिकों के आवेदनों का तत्परता से निवारण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

एडीसी नीरज ने सभी बैंकों को सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं, ताकि संबंधित व्यक्तियों को समय पर लाभ मिल सके। वे मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कृषि क्षेत्र, कमजोर एवं पिछड़ा वर्ग, एमएसएमई, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि, पीएम विश्वकर्मा योजना, सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का सभी बैंकर्स को बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए हैं। लंबित आवेदन पत्रों का शीघ्र निपटारा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि चिन्हित व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ उपलब्ध करवाया जा सके। सभीं को सरकारी योजनाओं का लाभ बैंक लाभ देना सुनिश्चित करें।



हिसार। बैठक की अध्यक्षता करते अतिरिक्त उपायुक्त नीरज।

### टारगेट पर करें फोकस

अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने सभी बैंकों को दिए गए टारगेट अनुसार सीडी रेश्यों में सुधार करने के निर्देश दिए। सभी बैंक निर्धारित समयावधि में अपनी एटीआर जमा करवाना सुनिश्चित करें ताकि समय रहते सीएम विंडो पर बैंक से संबंधित शिकायतों का निपटारा तीव्र गति से हो सके। बैठक में एलडीएम विजेंद्र सिंह, नाबार्ड से एजीएम रोबिन सिंह, डीएसपी विजय पाल सहित विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### तीन दर्जन गांवों के लिए सरकार ने जारी की ग्रांट

- नलवा विस में गांवों के विकास को मिलेगी गति, रणबीर गंगवा ने दी जानकारी

**हिसार।** प्रदेश सरकार ने हरियाणा ग्रामीण विकास व शिवधाम योजना के तहत नलवा हलके के तीन दर्जन गांवों के लिए विशेष ग्रांट जारी की है। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा जारी ग्रांट से इन गांवों में विभिन्न समुदायों की चौपाल/सामाजिक स्थलों तथा शमशान भूमि में विभिन्न प्रकार के कार्य करवाए जाएंगे। डिप्टी स्पीकर ने बताया कि गांव शाहपुर की सेन चौपाल के लिए 4 लाख 90 हजार रुपये व जांगड़ा चौपाल के लिए 4 लाख 89 हजार, सीसवाला गांव की एससी चौपाल के लिए 4 लाख 67 हजार, गांव टोकस की धानक चौपाल के लिए 4 लाख 21 हजार, गांव बालावास की एससी चौपाल के लिए 4 लाख 99 हजार, ओढ़ चौपाल के लिए 4 लाख 99 हजार, गांव बुरे की बीसी चौपाल के लिए 4 लाख 94 हजार, गांव चिडोद की सेन चौपाल के लिए 4 लाख 97 हजार, गांव दाहिमा की बाल्मीकि चौपाल के लिए 4 लाख 92 हजार, एससी चौपाल के लिए 4 लाख 99 हजार, गांव हरिकोट की एससी चौपाल के लिए 4 लाख 99 हजार रुपए, गांव हरिता की अंबेडकर चौपाल के लिए 5 लाख रुपए, गांव कैमरी की एससी चौपाल के लिए 4 लाख 98 हजार, मंगाली आकलान की बंजारा चौपाल के लिए 4 लाख 89 हजार व एससी चौपाल के लिए 2 लाख 26 हजार, मंगाली सुरतिया की एससी चौपाल के लिए 4 लाख 95 हजार रुपये की राशि जारी की।

## श्री महासती दादी मंदिर में चोरी

- लाखों रुपये की ग्रिल व गेट चुरा कर ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

अज्ञात चोर सोमवार रात को डाटा रोड़ फ्लाईओवर के समीप स्थित शहीद लाला हुकुमचंद जैन की कुलदेवी श्री महासती दादी मंदिर से लाखों रुपये का सामान चुराकर ले गए। सिसाय पुल चौकी पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मंदिर ट्रस्टी राकेश जैन की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राकेश जैन ने बताया कि शहीद लाला हुकुमचंद जैन के वंशजों कानूनगो ब्रदर्स की आस्था का केंद्र है और हर वर्ष दिपावली के बाद पांचम को यहां मेला लगता है और देश-विदेश से रहने वाले कानूनगो ब्रदर्स अपनी कुलदेवी की पूजा अर्चना करने के लिए यहां आते हैं। शहीद लाला हुक्म चंद जैन के वंशजों द्वारा कुल देवी महासती दादी के मंदिर का निर्माण करवाया गया था और वर्तमान में मंदिर के जीर्णोद्धार सहित बाउंड्री वॉल पर ग्रिल तथा डाटा रोड़ स्थित मुख्य द्वार पर नया गेट लगवाने का कार्य चल रहा था। अज्ञात चोर सोमवार रात को मंदिर के चारों ओर लगाई ग्रिल तथा मुख्य गेट के समीप रखा 2.85 क्विंटल का गेट चुरा कर ले गए। जब राज मिस्त्री मजदूर मंदिर में पहुंचा तो देखा कि मंदिर की चारदीवारी पर लगाई ग्रिल व मंदिर से मेन गेट गायब मिली।



हांसी। मंदिर परिसर के बाहर वह चारदीवारी जहां से चोरी हुई ग्रिल।

## यदुवंशी की सुपरब-100 योजना का शुभारंभ

- पांच स्कूलों में ली जाएगी आई केन डू टेस्ट परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह द्वारा विद्यालय प्रांगण में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सुपरब-100 योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना के तहत नौवीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी या जो 12वीं पास कर चुके हैं, वह आइ केन डू टेस्ट में सात जुलाई को शामिल होकर स्कीम का लाभ ले सकते हैं। आई केन डू टेस्ट यदुवंशी शिक्षा निकेतन महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, नारनौल, हांसी तथा गुरूग्राम सेक्टर 92 में आयोजित किया जा रहा है। टेस्ट में भाग लेने वाले विद्यार्थी किसी भी स्कूल से हो सकते हैं। परीक्षा सात जुलाई को सुबह 10 से 11 बजे निर्धारित स्कूलों में आयोजित की जाएगी। इसमें 90 बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा में प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम 80 प्रतिशत अंक प्राप्त करने अनिवार्य हैं। कक्षा 9वीं, 10वीं, 11वीं मेडिकल व नॉन-मेडिकल, 12वीं मेडिकल व नान-मेडिकल, 11वीं तथा 12वीं सीए फाउंडेशन, 11वीं तथा 12वीं क्लेट सहित सभी कक्षाओं से दस-दस विद्यार्थी लिए जाएंगे, वहीं 12वीं पास विद्यार्थी जिसने बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत या इससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं, वे सीधे ज्वाइन कर सकते हैं।



हांसी। आई केन डू टेस्ट का शुभारंभ करते यदुवंशी शिक्षा निकेतन के चेयरमैन राव बहादुर सिंह व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### प्रतिभाओं को मिलेगा मौका

राव बहादुर सिंह ने कहा कि बच्चे साधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। इसलिए योजना का शुभारंभ किया गया है। निदेशक विजय सिंह यादव ने इसे शैक्षणिक क्षेत्र में एक अनोखी पहल बताया है। डायरेक्टर राजेंद्र सिंह यादव ने भी इस योजना की प्रशंसा की। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव एवं चेयरपर्सन संगीता यादव ने कहा कि शिक्षा जीवन को सफल बनाती है।

### महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल के युगांतर ने जीता तैराकी में रजत पदक

**हिसार।** जिला तैराकी एसोसिएशन हिसार द्वारा गत दिवस आयोजित जिला स्तरीय स्विमिंग चैंपियनशिप का आयोजन विद्युत नगर के स्विमिंग पूल में किया। तैराकी प्रतियोगिता में जिले के अनेक स्कूलों व संस्थाओं ने शिरकत की। डीएचबीवीएन के खेल अधिकारी ने पुरस्कार वितरण किया। महारानी लक्ष्मीबाई त्रिलोकचंद स्कूल के छात्र युगांतर प्रधान ने ब्रेस्ट स्ट्रोक में रजत पदक प्राप्त किया। स्कूल चेयरमैन डॉ. नीलम प्रभा व प्राचार्य डॉ. सरिता शर्मा ने युगांतर और उसके अभिभावकों को बधाई दी है।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530209, 9253681005

## लंबित शिकायतों के समाधान को लेकर एसडीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

# 3.50 करोड़ से होगी सीवरों की सफाई, टेंडर अलॉट

- सीवरेज की सफाई के लिए हांसी पहुंची सुपर सकर मशीन

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

शहर की सीवरेज लाइनों की साफ सफाई के लिए 3 करोड़ 50 लाख रुपये का टेंडर अलॉट हो गया है। सुपर सकर मशीन से सीवरेज लाइनों की सफाई का कार्य मंगलवार से ही शुरू करवाया गया ताकि लोगों को बरसाती सीजन में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं हो। एसडीएम मोहित महराणा ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए दी। मीटिंग में समाधान शिविर में लंबित रही शिकायतों की समाधान को लेकर किया गया था।



हांसी। विभिन्न विभागों अधिकारियो की बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम मोहित महराणा। फोटो: हरिभूमि

### जनता को अकारण न कटवाए कार्यालय के चक्कर

एसडीएम मोहित महराना ने कहा कि कोई भी अधिकारी जनता को बेवजह कार्यालय के चक्कर न कटवाए। इसको लेकर अगर किसी भी प्रकार की कोई शिकायत मिलती है तो संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की समाधान शिविर में विभाग अध्यक्ष उपस्थित रहने चाहिए, बिना किसी कारण अपनी जगह किसी कर्मचारी को समाधान शिविर में नहीं भेजें अन्यथा संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### पहले बिछेंगी पेयजल व सीवर लाइन, फिर बनेंगी गलियां

एसडीएम ने कहा कि जलापूर्ति तथा सीवरेज लाइन बिछाने को लेकर गली को तोड़ना पड़ता है। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अब वह जब भी जलापूर्ति तथा सीवरेज लाइन बिछाएं तो यह सुनिश्चित करें कि वे केवल मात्र गली के टूटे टुकड़े की ही मरम्मत न करवा कर पूरी गली का निर्माण करवाया जाएं ताकि जनता को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो। इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा भी निर्देश जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी सूरत में इन आदेशों की उल्लंघना नहीं होनी चाहिए।

### शिविर में आई 23 शिकायतें

एसडीएम महराणा बताया कि समाधान शिविर में मंगलवार को 23 शिकायतें प्राप्त हुई। एसडीएम ने सम्बंधित अधिकारियों को इन शिकायतों के निवारण के लिए दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जल्द से जल्द इन शिकायतों का समाधान करके स्टेटस पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि सरकार समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से ले रही है। उन्होंने बताया कि इन 23 शिकायतों में 20 शिकायतें क्रीड, 2 शिकायतें पीडब्ल्यूडी तथा एक शिकायत जन-स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित थी।